SIL Investments Limited

CIN No.-L17301RJ1934PLC002761
Registered Office : Pachpahar Road, Bhawanimandi - 326 502 (Rajasthan)
Tel.: (07433) 222082; Fax: (07433) 222916; Mob.: 0976948106
E-mail : investor.grievances@silinvestments.in; Website : www.silinvestments.in

28th July, 2026

BSE Ltd. Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai 400 001. **Scrip Code: 521194**	**National Stock Exchange of India Ltd.** Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1, G-Block, Bandra - Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051. **Scrip Code : SILINV**

Dear Sirs / Madam,

Sub: Newspaper Publication - Disclosure under Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('SEBI Listing Regulations')

Pursuant to Regulation 30 of SEBI Listing Regulations, please find enclosed herewith the newspaper notice published in Business Standard (English - All edition) and Dainik Bhaskar (Hindi Daily - Jhalawar edition), regarding opening of special window for transfer and dematerialization of physical securities.

This is for the information of the members and exchanges.

Thanking you

Yours faithfully
For **SIL Investments Limited**

LOKESH ASHWIN GANDHI
Digitally signed by LOKESH ASHWIN GANDHI
Date: 2026.07.28 15:51:44 +05'30'

Lokesh Gandhi
Company Secretary and Compliance officer

Encl.: a/a

AI capability watch centre on the cards to assess risks

AASHISH ARYAN
New Delhi, 27 July

LIKELY TO BE ESTABLISHED WITHIN SIX TO 12 MONTHS, THE CENTRE WILL MONITOR DEVELOPMENTS ACROSS THE AI AND FRONTIER AI ECOSYSTEM AND IDENTIFY EXPERTS WORKING ON ADVANCED AI RISK ASSESSMENT

The government is considering setting up a capability watch centre to monitor the growing risks posed by artificial intelligence (AI), particularly those associated with frontier AI models, sources told *Business Standard*.

The capability watch, likely to be established within six to 12 months, will also monitor developments across the AI and frontier AI ecosystem, and identify experts working on advanced AI risk assessment, they said.

"We are discussing it with industry stakeholders as well. While the government can determine the policy, the relevant subject-matter experts will have to be invited to understand and interpret the latest developments in AI and give suggestions to help shape policy," a senior government official said, requesting anonymity.

The proposal has been put forward by the Technology and Policy Expert Committee (TPEC), an advisory body on AI constituted by the Ministry of Electronics and Information Technology in April this year.

The committee, currently chaired by IT Secretary S Krishnan, includes B Ravindran, professor at the Indian Institute of Technology (IIT) Madras; Rajat Moona, director of IIT Gandhinagar; and representatives from industry bodies Nasscom, the Manufacturers' Association for Information Technology (Mait), and the Data Security Council of India.

TPEC is a sub-committee of the 10-member AI Governance and Economic Group (AIGEG), also constituted in April. Chaired by Union Electronics and Information Technology Minister Ashwini Vaishnaw, the AIGEG is also expected to sharpen India's broader AI strategy by directing the bulk of public funding toward a limited set of use cases capable of delivering measurable outcomes within the next 12 to 18 months. Healthcare, agriculture and education are likely to be among the priority sectors.

The proposal for an apex AI governance body comes amid growing concern among experts over the rapid advances in large language models (LLMs) and tools such as Claude Mythos, which have demonstrated the ability to breach legacy software systems and existing digital defences.

Alongside the capability watch centre, the government is expected to encourage information technology (IT) and IT-enabled services companies to undertake large-scale workforce retraining to build AI capabilities.

"We would like companies to encourage employees to continue learning beyond their formal education. Given the pace at which AI is advancing and evolving, we will look at providing some form of support to help companies give employees access to tools and opportunities to solve real-world problems alongside their regular work," another official said.

To broaden AI adoption and usage, the IT ministry also plans to invite the Anusandhan National Research Foundation (ANRF) "to participate in fostering collaboration between scientists and AI researchers and advance the use of AI in scientific research," the official added.

Crypto framework will reduce underreporting, industry says

AJINKYA KAWALE
Mumbai, 27 July

- The framework applies to all crypto transactions starting 2026
- Crypto service providers have to identify reportable users and establish their tax residency
- Does not change the existing taxation regime
- Hope move would reduce the scope for underreporting

Indian crypto exchanges and companies have welcomed the guidelines issued by the Central Board of Direct Taxes (CBDT) on the compliance framework, detailing the reporting and due-diligence obligations of such firms. The Crypto Asset Reporting Framework (Carf) applies to all crypto transactions starting 2026.

Carf mandates crypto service providers to identify reportable users and establish their tax residency. The framework is being introduced at a time when tax authorities have limited visibility over cross-border crypto transactions and crypto assets.

The framework does not change the existing taxation regime for the sector. While it does not deal with regulatory aspects of the sector, it is being viewed as a step towards formal regulation.

"Even though the guidance note is focused on tax reporting rather than regulation, it lays an important foundation for a broader policy framework. As reporting standards become more robust, policymakers will be better positioned to develop balanced regulations that protect investors while enabling innovation. The industry has long advocated for regulatory clarity, and this marks another meaningful step towards a comprehensive framework for digital assets in India," said Edul Patel, chief executive officer (CEO) of Mudrex, a crypto exchange platform.

Industry executives said the move would help investors and companies by reducing the scope for underreporting.

"When regulated service providers follow consistent reporting standards, it becomes more difficult to underreport or conceal taxable crypto transactions through compliant platforms. This ultimately benefits responsible investors, compliant exchanges, and regulators by fostering greater transparency and trust in the ecosystem," said Vimal Sagar Tiwari, cofounder, CoinSwitch.

CBDT Chairman Ravi Agrawal had said the rapid growth of crypto assets had created a fresh challenge for tax administrations. Because these assets can be issued, held, and transferred outside the traditional financial system and across national borders, and they may escape the reporting obligations applicable to financial institutions under the Common Reporting Standard and the Foreign Account Tax Compliance Act.

Recognising this risk, the Group of Twenty (G20) mandated the Organisation for Economic Cooperation and Development (OECD) to develop Carf as a dedicated framework for automatic exchange of information on crypto assets, he said.

quick scroll @BS

Nvidia makes 'substantial' investment in Sutskever's startup

Nvidia Corp. said it has made a "substantial" investment in Safe Superintelligence Inc., the artificial intelligence startup cofounded by former OpenAI chief scientist Ilya Sutskever. In addition to the investment, Safe Superintelligence, known as SSI, will receive access to Nvidia's next-generation Vera Rubin platform, according to a joint statement on Monday. Financial terms of the deal were not disclosed. Sutskever, a researcher who was instrumental in developing OpenAI's technology, cofounded Safe Superintelligence with a focus on developing safe AI systems. The startup has said it doesn't intend to sell AI products in the near future. BLOOMBERG

Salesforce inks deals in Bengal to train AI talent

US-based IT firm Salesforce on Monday announced two strategic collaborations in West Bengal "one to set up the state's first Salesforce Academia Centre of Excellence to train AI-ready talent, and another to deploy an AI-powered patient engagement platform at Vivekananda Hospital Pvt Ltd. The collaboration with Adamas University aims to build industry-ready graduates by integrating Salesforce technologies, including Agentforce, Agentforce 360 Platform, Tableau and Data 360, into the curriculum, it said in a release. The initiative will offer students hands-on training, industry projects, hackathons and Salesforce certifications through Trailhead, while faculty members will undergo specialised training programmes, it said. PTI

Instagram, Facebook ran AI 'nudify' ads from China, NGO says

Facebook and Instagram have served thousands of ads for AI "nudify" apps in breach of the company's policies, delivered by one of its few advertising partners in China, according to the nonprofit Tech Transparency Project. Beijing-based GatherOne Inc., which connects Chinese firms seeking to advertise on Meta's social media services with the US company, has been responsible for some 7,600 ads for mobile apps that can transpose women's faces onto naked bodies, the firm said. BLOOMBERG

Deeptech startup Yaanendriya raises ₹15 crore

UDISHA SRIVASTAV
New Delhi, 27 July

Deeptech startup Yaanendriya, which is building indigenous sensor, navigation and control technologies for robotics, aerospace and critical applications, has raised ₹15 crore from Mumbai-based venture capital fund Piper Serica.

Piper Serica has invested in deep-tech companies such as Pantherun, ClearTrust, Sixsense, Astrogate, Coratia, Sensesemi, Ubiqedge, and Enlife.

For the deep-tech startup, the fundraise represents its first institutional venture capital round. Before this, it had received non-dilutive grant and programme support from the Ministry of Heavy Industries, Department of Science and Technology, and the Government of Karnataka.

Incubated at ARTPARK, the firm plans to use the capital to strengthen research and development, accelerate product development, and expand its portfolio of high-precision navigation systems for mission-critical environments.

It is working on the SynCore series of navigation controllers for autonomous robotic platforms and the YDX series of high-precision inertial sensors deployed across global commercial applications. It is also developing navigation systems and a hardware-agnostic platform for space and critical missions, alongside high-precision Micro-Electro-Mechanical Systems (MEMS) inertial sensors for the space sector.

Yaanendriya has moved beyond the research and prototyping stage and has onboarded customers across defence and aerospace, drones and robotics, industrial automation and research applications. The company has more than 20 customers and has over 10 memoranda of understanding (MoU).

One of its significant engagements is an MoU with the 515 Army Base Workshop in Bengaluru.

Vamshi Bharadwaj M V, founder of Yaanendriya, said the funding will help the company scale SynCore and YDX, strengthen its navigation and control platform, and develop indigenous MEMS sensors for the next generation of manned and unmanned platforms.

"Reliable autonomy begins with a system's ability to sense motion, understand its state, and control itself. We started with navigation controllers, expanded into high-precision inertial sensing, and are now bringing these capabilities together for increasingly demanding environments where conventional navigation may not be reliable," said Bharadwaj.

आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : आषाढ़, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, मंगलवार सायं 06:19 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1448, मुस्लिम माह सफर, तारीख 13, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 28 जुलाई।

सूर्योदय कालीन नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दोपहर 01:11 तक, इसके बाद उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। विष्कुंभक योग रात्रि 11:33 तक, इसके बाद प्रीति योग रहेगा। वणिज करण सायं 06:19 तक, इसके बाद विष्टि करण रहेगा।

ग्रह विचार (प्रातः 05:30) : सूर्य-कर्क, चंद्र-धनु, मंगल-वृष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-सिंह, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

राहुकाल : दोपहर 3:00 से 4:30 तक रहेगा।

दिशाशूल : उत्तर दिशा : यदि अत्यावश्यक कार्य हो तो गुड़ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

शुभाशुभ ज्ञानम् : भद्रा सायं 06:19 से, शुक्र उत्तराफाल्गुनी में रात्रि 04:52, वन महोत्सव दिवस, चौमासी चौदश जैन, शिव शयन चतुर्दशी उड़ीसा, मेला ज्वालामुखी 2 दिन का प्रारंभ कश्मीर।

चौघड़िया मुहूर्त : प्रातः 09:13 से 10:53 तक चर का, प्रातः 10:53 से दोपहर 02:13 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 03:53 से सायं 05:34 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

आज विशेष : आज मंगलवार को मसूर दाल व लाल वस्त्र दान करने एवं भौम देवता की लाल गंध, पुष्प, चंदन आदि से पूजा कर व्रत करने से समस्त कष्ट दूर होते हैं। साथ ही मंगल ग्रह सम्बन्धी दोष भी दूर होते हैं। आज विष्कुंभक योग में घी का दान करना शुभ फलदायक होता है।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
05:53	पूर्वाषाढ़ा	3	ताम्र	धनु	फा
06:32	पूर्वाषाढ़ा	4	ताम्र	धनु	ढ़ा
13:11	उत्तराषाढ़ा	1	ताम्र	धनु	भे
19:49	उत्तराषाढ़ा	2	ताम्र	मकर	भो
02:26	उत्तराषाढ़ा	3	ताम्र	मकर	ज

राशिफल : कर्क वालों के लिए साझेदारी फायदेमंद, मीन वालों का धार्मिक कार्यों में रुझान

मेष शुभ अंक 4, शुभ रंग भूरा : समय पर काम निपटाएं, बाद में मुश्किल होगी। पैसों के मामले में आप पर शक हो सकता है। जल्दबाजी से नुकसान की पूरी संभावना बनेगी। कारोबार के विस्तार की उम्मीद है।

वृष शुभ अंक 2, शुभ रंग काला : रिश्तों में संभल कर रहें, सम्मान को ठेस लग सकती है। जरूरी कामों में दुविधा बनी रहेगी। बिजनेस के फैसलों में सख्त रुख अपनाएं। बड़ों के अनुभव का लाभ उठाएं। विनम्र रहें।

मिथुन शुभ अंक 6, शुभ रंग हरा : कार्यशैली बदलने से अच्छी सफलता और लाभ मिलेगा। जिद छोड़कर सकारात्मक रुख अपनाएं। राह की हर उलझन दूर होगी। सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। यात्रा का योग है।

कर्क शुभ अंक 7, शुभ रंग नीला : अहंकार और जिद से मुनाफे की योजना हाथ से निकल सकती है। आपको उम्मीद से बड़ी सफलता मिलेगी। साझेदारी फायदेमंद रहेगी। नौकरी चाहने वालों को मनचाहे अवसर मिल सकते हैं।

सिंह शुभ अंक 8, शुभ रंग बादामी : बिजनेस की समस्याओं के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। नए काम की तलाश रहेगी। जोखिम भरे कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी। घूमने का कार्यक्रम बन सकता है।

कन्या शुभ अंक 5, शुभ रंग लाल : युवा करियर के बेहतर विकल्प तलाशेंगे। कानूनी मामले समझदारी से सुलझाएं, राहत मिलेगी। पैसों के लेनदेन के विवाद भी सुलझेंगे। संतान के स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी।

तुला शुभ अंक 2, शुभ रंग पीला : नया काम मिलने से आमदनी बढ़ने की उम्मीद है। मनचाहे परिणाम के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। कार्यस्थल पर अतिरिक्त सावधानी बरतें। व्यापारिक सौदे फायदेमंद रहेंगे।

वृश्चिक शुभ अंक 1, शुभ रंग नारंगी : बुजुर्गों की सेहत की चिंता बढ़ सकती है। फंसा हुआ पैसा निकालना मुश्किल होगा। पुराना प्रॉपर्टी विवाद भी सुलझ सकता है। अचानक धन लाभ के योग हैं। जरूरतमंदों की मदद करके खुश होंगे।

धनु शुभ अंक 3, शुभ रंग स्लेटी : कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ पिकनिक का प्लान बन सकता है। परिवार की सुख-सुविधाओं पर बड़ा खर्च होगा सुरक्षित भविष्य के लिए सही योजना में निवेश करें।

मकर शुभ अंक 9, शुभ रंग गुलाबी : सामूहिक कार्यों में जिद के बजाय सबकी सलाह से फैसला लें। लालच में आकर गलत निर्णय लेने से बचें। वैवाहिक संबंधों में गलतफहमी से निराशा हो सकती है। संपर्क क्षेत्र बढ़ेगा।

कुंभ शुभ अंक 6, शुभ रंग आसमानी : आप नए लोगों से संपर्क बढ़ाने का प्रयास करेंगे। बिजनेस के साथ सामाजिक मुद्दों की भी चिंता रहेगी। सकारात्मक सोच करियर में आगे बढ़ाएगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

मीन शुभ अंक 8, शुभ रंग जामुनी : नई जगहों की यात्रा के योग हैं। कामकाज में उलझनें और सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। प्राथमिकताओं में बदलाव से धार्मिक कार्यों की तरफ रुझान बढ़ेगा।

एचआरपी अभियान • बकानी में 67, पिड़ावा में 59, भवानीमंडी में 55 और मनोहरथाना में 38 यूनिट रक्त संग्रहित

हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए उत्साह से किया रक्तदान, स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए शिविर

भास्कर न्यूज | बकानी

हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए बकानी अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर की शुरुआत बीसीएमओ डॉ. अर्श महबूब और अस्पताल प्रभारी हेमंत मेहरा ने रक्तदान करके की। शिविर में 67 यूनिट रक्तदान हुआ।

हाई रिस्क गर्भावस्था वाली महिलाओं के लिए जरूरी जानकारी वाले पोस्टर का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि बकानी थानाप्रभारी हरिसिंह मीणा रहे। पुलिस कांस्टेबल, चिकित्सा टीम, युवकों ने भी रक्तदान किया। रक्तकोष फाउंडेशन के जिला संयोजक अनस पठान, ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सेन भी मौजूद रहे।

बकानी. कस्बे के अस्पताल में लगाए गए शिविर में रक्तदान करते युवा।

पिड़ावा. उपजिला अस्पताल शिविर में रक्तदान करते युवा।

भवानीमंडी में 55 यूनिट रक्तदान

भवानीमंडी | एचआरपी सघन मॉनिटरिंग अभियान के तहत रविवार को उप जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन बीसीएमओ डॉ. विकास जैन ने किया। पीएमओ डॉ. रोहिताश्व कुमार मौजूद रहे। शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों, अस्पताल स्टाफ और आम लोगों ने भाग लिया। कुल 55 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। डॉ. एसपी शर्मा और नीरज भटनागर सहित कई कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार ऐसे शिविरों से क्षेत्र में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं और अन्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है। अधिकारियों ने कहा कि आपात स्थिति में ब्लॉक और एसडीएच की टीम रक्त उपलब्ध कराने के लिए तैयार रहेगी।

मनोहरथाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया शिविर, 38 यूनिट रक्तदान किया

मनोहरथाना | जिला स्वास्थ्य समिति झालावाड़ ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरथाना में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर का मकसद हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली गर्भवती महिलाओं को जरूरत पड़ने पर इलाज के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना रहा। शिविर का शुभारंभ भाजपा के प्यारेलाल तंवर, बीसीएमएचओ डॉ. कौशल लोधा की मौजूदगी में हुआ। शिविर में 38 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. लोधा ने रक्तदाताओं का आभार जताया।

चौमहला सीएचसी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया, 92 यूनिट रक्त का संग्रह

चौमहला | चौमहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। इसमें 92 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर का शुभारंभ विधायक कालूराम मेघवाल ने किया। बीसीएमओ डॉ. राजकुमार बाघेला मौजूद रहे। विधायक ने रक्तदान को मानव सेवा का बड़ा काम बताया। सीएचसी प्रभारी डॉ. बाघेला ने एक यूनिट रक्त किसी मां और उसके बच्चे का जीवन बचा सकता है। शिविर में युवाओं के साथ पुलिस जवानों ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्मानित किया।

पिड़ावा शिविर में दिखा उत्साह, 59 यूनिट रक्तदान

पिड़ावा | जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में सोमवार को उपजिला अस्पताल में रक्तदान शिविर लगा। शिविर में 59 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। गर्भवती महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवाओं और आमजन ने उत्साह से रक्तदान किया। सीएमएचओ डॉ. साजिद खान ने अभियान के उद्देश्य के बारे में बताया। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. इरशाद अहमद ने रक्तदाताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद की जिंदगी बच सकती है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

सार्वजनिक गार्डन में 80 पौधे लगाए

सुनेल | भवानीमंडी रोड स्थित सार्वजनिक गार्डन में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण पर जोर रहा। गार्डन परिसर में 80 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए।

तहसीलदार भगवान सिंह ने कहा कि क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम रखा गया। उन्होंने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण की जरूरत बताई। कार्यक्रम में जितेंद्रसिंह मंडलोई, कमल जयपुरी, पटवारी बृजेश पाटीदार, तेजसिंह सिसोदिया, कारूलाल, राधाराठौर, शबनमबी, मांगी बाई, हेमलता बाई, शमीम बानो ने भाग लिया। मौजूद लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

व्यापार महासंघ की देवदर्शन यात्रा 31 से

भवानीमंडी | व्यापार महासंघ भवानीमंडी के तत्वावधान में नगर के व्यापारियों के लिए दो दिवसीय 'देवदर्शन यात्रा' का आयोजन 31 जुलाई एवं 1 अगस्त को होगा।

यात्रा के दौरान पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर, श्री सांवलिया सेठ, श्रीनाथजी (नाथद्वारा), विश्व स्वरूपम् महादेव, शनिमंदिर तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्रा धार्मिक एवं सात्विक वातावरण में होगी। श्रद्धालुओं के लिए वातानुकूलित बस रहेगी। व्यापार महासंघ अध्यक्ष गिरीश सोमानी ने बताया कि यह पहला मौका है जब ऐसी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। महासचिव लक्की मारवाड़ी ने जानकारी दी।

॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

पालीताणा तीर्थ में चातुर्मास मंगल प्रवेश में देशभर से श्रद्धालु शामिल

उन्हैल. | गुजरात के पालीताणा जैन तीर्थ स्थित कमला विहार में रविवार को आचार्य जितरत्नसागर सूरीश्वर और साध्वी शासनज्योति का चातुर्मास मंगल प्रवेश हुआ। माहौल भक्ति से भरा रहा। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से श्रद्धालु और गुरु भक्त पहुंचे। मंगल प्रवेश कार्यक्रम में उन्हैल, चौमहला और आलोट श्रीसंघ के पदाधिकारी और श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीसंघ के सदस्यों ने आचार्य और साध्वी का स्वागत किया। उनके सान्निध्य में धर्म लाभ लिया। कार्यक्रम में अनिल कुमार देसरला, सुनील चोपड़ा, उन्हैल जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष अजय जैन, पारस जैन, जितेंद्र जैन, धर्मचंद जैन, गौतम जैन, मांगीलाल जैन सहित कई गुरुभक्त मौजूद रहे। आयोजन में मालवा क्षेत्र से भी श्रद्धालु आए। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक उल्लास दिखा। जैन समाज के श्रद्धालुओं की भागीदारी उत्साहपूर्ण रही।

सूलिया के हनुमान मंदिर परिसर में शिक्षकों-बच्चों ने किया पौधरोपण

भवानीमंडी | सूलिया ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से हनुमान मंदिर परिसर पौधरोपण किया गया। जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान हनुमान मंदिर परिसर में 12 छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। इनमें बरगद, नीम, पीपल और शीशम शामिल रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैलाशचंद मेरोठा, मांगीलाल मीणा, राजेश कुमार शर्मा तथा फूलचंद वर्मा उपस्थित रहे।

पिपलोद स्कूल में मनाई चंद्रशेखर आजाद की जयंती, श्रद्धांजलि दी

झालरापाटन | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माणपुर पिपलोद झालरापाटन में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाई गई। हेमंत यादव ने बताया कि कार्यक्रम में डीईओ (माध्यमिक) नरेंद्र गहलोत मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा ने की। शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता एवं चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रवादी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंत में शिक्षाविद सुभाष श्रोत्रिय ने आभार व्यक्त किया।

सारोला बाइपास पर 2400 पौधे लगाए, सुरक्षा का लिया संकल्प

सारोलाकलां | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सारोलाकलां की ओर से 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत सारोला बाइपास मार्ग के दोनों ओर पौधरोपण किया गया। इसमें समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर 2400 पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार सामरिया के नेतृत्व में हुआ। सुमित नागर, अनुराधा मीणा, सत्यनारायण नागर, हरिओम मेघवाल, पानाचंद मालव, हरीश कुमार पारेता, सत्यनारायण मेघवाल उपस्थित रहे।

रामकुंड बालाजी मंदिर परिसर में किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण की दी सीख

कलेक्टर ने कहा- पौधों को पेड़ बनने तक सुरक्षित रखने की लें जिम्मेदारी

भास्कर न्यूज | सुनेल

ग्राम पंचायत कनवाड़ी के प्रसिद्ध रामकुंड बालाजी मंदिर परिसर में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। कलेक्टर अजयसिंह राठौड़, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंदिर समिति सदस्य, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाने को प्रेरित किया।

मंदिर परिसर में अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अधिकारियों के साथ स्कूल के बालक-बालिकाओं ने भी पौधरोपण किया। विद्यार्थियों ने पौधों की सुरक्षा का संदेश दिया। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा, अभियान का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं है। पौधों को पेड़ बनने तक सुरक्षित रखना भी लक्ष्य है। अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया। नियमित देखभाल पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर, सीईओ शंभूदयाल मीना, विकास अधिकारी कैलाश मीणा, प्रशासक रमेश भील, चंद्रभानसिंह झाला, तेजकुमार गोचर, पप्पू लाल मेघवाल, संतोष नागर, अशोक दुबे, भगवान सिंह नागर, सौदान नागर, वार्ड पंच, विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सुनेल. रामकुंड बालाजी परिसर में पौधरोपण करते कलेक्टर व जनप्रतिनिधि।

केलखोयरा धाम पर गुरु पूर्णिमा उत्सव शुरू

भास्कर न्यूज | अकलेरा.

घाटोली कस्बे के पास संत माखनदास की तपोभूमि शिवमंदिर केलखोयरा धाम पर गुरु पूर्णिमा उत्सव रविवार से शुरू हो गया। हर साल की तरह इस बार भी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुर्जर ने बताया कि उत्सव के तहत रविवार को रामायण पाठ शुरू किया गया। 27 जुलाई को पूर्णाहुति होगी, 28 जुलाई को अभिषेक और 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि व्यास पूर्णिमा का बड़ा महत्व है। जीवन में गुरु का होना जरूरी है। इसी भावना से यहां हर वर्ष गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाता है। शिव मंदिर समिति ने मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की अच्छी व्यवस्था की है। चार दिन के उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

मंगलपुरा गुरुद्वारा में चौपेरा साहिब पाठ, महिलाओं ने किया शबद कीर्तन

भास्कर न्यूज | झालावाड़

मंगलपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में बाबा दीपसिंह को समर्पित चौपेरा साहिब का पाठ र विवार को हुआ। आयोजन 1 मार्च से शुरू हुआ और रविवार शाम तक चला। इसमें सिख, सिंधी और पंजाबी समाज की महिलाओं ने भाग लिया। बच्चों की भी मौजूदगी रही।

सिख समाज के बलविंदर सिंह के अनुसार संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका। कार्यक्रम के दौरान सुखमनी साहिब, जपजी साहिब और चौपाई साहिब के लड़ीवार पाठ किए। महिलाओं ने शबद कीर्तन भी किया। हर रविवार दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक महिलाएं सामूहिक रूप से सुखमनी साहिब, चौपाई और जपजी का पाठ करती हैं। चौपेरा साहिब के पाठ में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। संगत की सहमति से तय किया गया कि आगे भी हर रविवार चौपेरा साहिब का पाठ जारी रहेगा। कार्यक्रम में झालावाड़ की साध संगत ने भी भाग लिया।

गुरु वंदन समारोह • अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से हुआ कार्यक्रम

सेवानिवृत शिक्षकों का तिलक-शॉल से सम्मान

भास्कर न्यूज | झालरापाटन

'शहर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला झालावाड़ खंड इकाइयों झालरापाटन और झालावाड़ ने गुरु वंदन एवं सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में पूरणमल नागर मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता राम किशन नागर ने की। मुख्य वक्ता सुनील कुमार गुप्ता रहे। संत झंकारेश्वर त्यागी महाराज भी मंच पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदना पाटीदार ने राष्ट्रगीत से कराई। जिला मंत्री भवँर सिंह झाला ने अतिथियों का परिचय कराया। पूरणमल नागर ने महासंघ की कार्य पद्धति, संगठन की रीति-नीति और गुरु के महत्व पर विचार रखे। संत झंकारेश्वर त्यागी महाराज ने गुरु-शिष्य परंपरा, धर्म और कर्म पर चर्चा की। उन्होंने वेद, पुराण और उपनिषदों के संदर्भ में गुरु तत्व की भूमिका बताई। समारोह में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों का खंड कार्यकारिणी ने संयुक्त रूप से सम्मान किया। सम्मान के दौरान तिलक, उपरना, श्रीफल और शॉल भेंट किए गए। सुनील कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवक संघ की कार्य पद्धति और गुरु भाव पर संबोधन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों का भी खंड इकाइयों की ओर से तिलक वंदन किया गया और उपरना पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रमांन्द श्रंगी, जिला संगठन मंत्री मुकेश छंदक, रामनिवास नागर, मनीष गुप्ता, बालकिशन भारद्वाज, घनश्याम मेघवाल, विनोद मालव, नन्देश चोधरी, इंद्र किशोर पाटीदार, बालचंद नागर, सुभाष श्रोत्रिय, दिलीप कारपेंटर, रवि वशिष्ट, संतराम लोधा, नारायण सिंह, निर्मला मालव, कविता राजावत, सिमा राठौर, संगीता धाकड़, प्रियंका मालव, प्रियंका धाकड़, अनिल जैन, लोकेश पारेता सहित सैकड़ों गुरुजन मौजूद रहे

झालावाड़. गुरु वंदन समारोह में सेवानिवृत शिक्षकों का तिलक-शॉल से सम्मान